>

Title: Need to check the erosion caused by River Saryu in district Gonda, U.P. and rehabilitate the families affected due to floods in the region.

श्री बृजभूषण शरण सिंह (कैसरगंज): उत्तर प्रदेश में गोंडा जनपद के तरबगंज, कैसरगंज तथा करनैलगंज तहसीलों के एक दर्जन से अधिक गांव गत सितम्बर माह में आई विनाशकारी बाढ़ में पूरी तरह कटकर सरयू नदी में विलीन हो गये हैं। इन गांवों की हजारों एकड़ कृषि भूमि भी नदी की धारा में विलीन हो गई। जो गांव आंशिक रूप से बचे हुए हैं, उनका भी अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है क्योंकि नदी के कटाव को रोकने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यदि नदी की धारा को मोड़कर उसके मूल स्वरूप में नहीं लाया गया तो भविष्य में इसके किनारे का कोई भी गांव नहीं बच पाएगा। कटाव से प्रभावित परिवार तटबंधों एवं अन्य स्थानों पर शरण लिये हुए हैं, जिन्हें भोजन पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित परिवारों को न तो मुआवजा दिया गया और न ही कोई आर्थिक सहायता दी गई।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वह सरयू नदी के कटाव की तकनीकी जांच कराकर उसकी धारा को पूर्व की स्थिति में लाने हेतु तटबंधों का निर्माण कराने के साथ ही विस्थापितों के पुनर्वास एवं उन्हें आर्थिक सहायता दिये जाने की व्यवस्था करायें।